भीम BHIM भारत इंटरफेस फॉर मनी

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# राजस्थान सरकार
## नगरीय विकास विभाग

**क्रमांकः प. 4(24)नविवि/2025—13231** **जयपुर, दिनांकः यथा हस्ताक्षरित**

**—:आदेशः—**

नवगठित नगर विकास न्यास, बालोतरा में पद सृजन की सहमति वित्त (व्यय—3) विभाग की आई.डी. संख्या 172500896 दिनांक 28.04.2025 के अनुसरण में निम्नांकित तालिका के कॉलम संख्या 05 के अनुसार एतद्द्वारा प्रदान की जाती है:—

| क्र. सं. | पदनाम | पे लेवल | भर्ती का माध्यम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सचिव RAS चयनित वेतन श्रृंखला | L-19 | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| 2 | भूमि अवाप्ति अधिकारी RAS कनिष्ठ वेतन श्रृंखला | L-14 | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| 3 | अधिशाषी अभियन्ता (सिविल) | L-16 | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| 4 | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | L-10 | सीधी भर्ती | 2 |
| 5 | सहायक लेखाधिकारी | L-12 | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| 6 | कनिष्ठ लेखाकार | L-10 | प्रतिनियुक्ति | 2 |
| 7 | उप नगर नियोजक | L-16 | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| 8 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | L-10 | पदोन्नति | 1 |
| 9 | वरिष्ठ सहायक | L-8 | पदोन्नति | 2 |
| 10 | कनिष्ठ सहायक | L-5 | सीधी भर्ती | 2 |
| 11 | आशुलिपिक | L-10 | सीधी भर्ती | 1 |
| 12 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | L-1 | सीधी भर्ती | 6 |
| 13 | सूचना सहायक | L-8 | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| | **योग** | | | **22** |

शर्ते :—

1. नगर विकास न्यास, बालोतरा हेतु उपरोक्तानुसार सृजित किये जाने वाले पदों पर नियुक्ति न्यास के सेवा नियमों के अनुसार की जावेगी।
2. तालिका के कम संख्या 01 एवं 02 पर नवीन सृजित पद (प्रशासनिक सेवा) कार्मिक विभाग की स्वीकृति/अनुमति के उपरान्त प्रभावशील होगें।
3. न्यास में अभियांत्रिकी प्रकोष्ठ के पद (कम संख्या 03 एवं 04) नगरीय विकास विभाग के मूल कैडर स्ट्रेन्थ के अधीन रहेंगे।
4. तालिका के कम संख्या 05 एवं 06 पर नव सृजित पदों पर नियुक्ति निदेशालय कोष एवं लेखा द्वारा प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जायेगी।
5. तालिका के कम संख्या 07 पर नव सृजित पद को नगर नियोजन सेवा की कैडर स्ट्रेन्थ में सम्मिलत कर नगर नियोजन सेवा के सेवा नियम अनुसार नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।
6. तालिका के कम संख्या 13 पर नव सृजित पद पर नियुक्ति सूचना प्रोद्यौगिकी और संचार विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जायेगी।

7. न्यास में सृजित पदों का वित्तीय भार संबंधित न्यास द्वारा स्वयं के वित्तीय स्त्रोतों से वहन किया जावेगा। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता/अनुदान राशि प्रदान नहीं की जावेगी।

**राज्यपाल की आज्ञा से,**

**(राकेश कुमार–I)**
**शासन उप सचिव–तृतीय**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सूचना प्रोद्यौगिकी और संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. निजी सचिव, शासन सचिव, कार्मिक विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6. निजी सचिव, निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर।
7. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय–3) विभाग को आई.डी. संख्या 172500896 दिनांक 28.04.2025 के क्रम में।
8. सचिव, नगर विकास न्यास, बालोतरा।
9. मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि नगर नियोजन प्रकोष्ठ में नव सृजित पदों को नगर नियोजन सेवा की कैडर स्ट्रेन्थ में शामिल कर आवश्यक आदेश जारी कराया जाना सुनिश्चित करें।
10. प्रोग्रामर, नगरीय विकास विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
11. रक्षित पत्रावली।

**शासन उप सचिव–तृतीय**

Document certified by Rakesh Kumar <kumar7084@gmail.com>.
Digitally Signed by Rakesh Kumar I
Designation : Deputy Secretary To Government
Date :16-05-2025 06:40:00

**RajKaj Ref No.: 15348422**